# कार्यालयः— मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू

## :— कार्यालय आदेश —:

क्रमांकः— 55　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांकः— 23.11.2021

जिला आबकारी अधिकारी, चूरू से प्राप्त पत्र क्रमांक आब/पुनर्गठन/21/2080 दिनांकित 27.08.2021 के अनुसार में जिला चूरू में आबकारी वृत्तों तथा आबकारी थानों का पुनर्गठन किये जाने एवम् राजस्थान सरकार विधि एवम् विधिक कार्य विभाग, जयपुर की अधिसूचना प.1(1) न्याय/2021, जयपुर दिनांक 26.05.2021 द्वारा चूरू न्यायक्षेत्र मे न्यायालय, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवम् न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू तथा न्यायालय, सिविल न्यायाधीश एवम् न्यायिक मजिस्ट्रेट, बीदासर, जिला, चूरू का सृजन किये जाने के फलस्वरूप माननीय जिला एवम् सत्र न्यायाधीश महोदय, चूरू के पत्र क्रमांक स्था./2021/4616 दिनांकित 08.07.2021 के अनुसरण में दण्ड प्रकिया संहिता की धारा— 14(1) व 15(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं, अनिता टेलर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू "जिला चूरू" के न्यायिक मजिस्ट्रेट्स् स्तर के न्यायालयों के मध्य कार्य विभाजन हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी पूर्व के जारी सभी आदेशों/निर्देशों को अधिष्ठित/अतिलंधित करते हुए समस्त दाण्डिक प्रकरणों व कार्यवाहियों में प्रसंज्ञान, जॉच, अन्वीक्षा व सेशन सुपुर्दगी से सम्बन्धित सुनवाई की क्षेत्राधिकारिता लिंक न्यायालय अथवा वैकल्पिक दूरी एवम् सुविधा तथा अन्य तथ्यों को ध्यान में रखते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट्स् न्यायालयों के मध्य कार्य विभाजन हेतु निम्नानुसार स्थानीय सीमाएं परिनिश्चित करती हूँ :—

### :— चूरू मुख्यालय —:

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | | क्षेत्राधिकार की सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू | 1 | पुलिस थाना कोतवाली, चूरू व महिला पुलिस थाना, चूरू आबकारी वृत तथा आबकारी थाना (चूरू नगरपरिषद् सीमा क्षेत्र में उद्भूत होने वाले आबकारी मामले) |
| | | 2 | चूरू जिले की सीमा में उत्पन्न होने वाले औषधि एवम् प्रसाधन अधिनियम तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम से सम्बन्धित सभी आपराधिक प्रकरण |
| 2 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू | 1 | पुलिस थाना सदर (चूरू) तथा पुलिस थाना दूधवाखारा |
| | | 2 | डी.टी.ओ. चूरू में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक मामले |
| 3 | अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू | 1 | पुलिस थाना रतननगर में उद्भूत होने वाले समस्त प्रकरण |
| | | 2 | पुलिस थाना भालेरी के अन्तर्गत चूरू तहसील के निम्नांकित ग्रामीण क्षेत्रों में उद्भूत समस्त आपराधिक मामलें (आसलखैड़ी, करणीसर, कोटवाद ताल, कोटवाद टिब्बा, कोटवाद नाथावतान, खण्डवा, खींवासर, चारणवासी, जोड़ी पट्टा सांत्यू, जोड़ी बास चारणान, जोड़ी पट्टा लोहसना, धमेरी, बीकासी, रामपुरा पट्टा झारिया, रिबीयां, रिड़खला, सोमासी, मेहरावणसर) |
| | | 3 | आबकारी वृत, चूरू व आबकारी थाना, चूरू में दर्ज होने वाले मामले समस्त मामले (चूरू नगरपरिषद् क्षेत्र सीमा, पुलिस थाना क्षेत्र भानीपुरा तथा पुलिस थाना क्षेत्र तारागनर में दर्ज होने वाले मामलों को छोड़कर |

### :— राजगढ़ मुख्यालय —:

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | | क्षेत्राधिकार की सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजगढ़ (चूरू) | | पुलिस थाना, राजगढ़, पुलिस थाना सिद्धमुख, आबकारी वृत व आबकारी थाना, राजगढ़ (चूरू) में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण (हमीरवास थाना क्षेत्र को छोड़कर) |
| 2 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजगढ़ | 1 | पुलिस थाना हमीरवास में उद्भूत होने वाले आपराधिक प्रकरण |
| | | 2 | पुलिस थाना हमीरवास क्षेत्र में उद्भूत होने वाले आबकारी वृत, राजगढ़ एवम् आबकारी थाना, राजगढ़ के आबकारी से सम्बन्धित समस्त प्रकरण |

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
चूरू

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | ग्राम न्यायालय, राजगढ़ | 1 | पुलिस थाना क्षेत्र राजगढ़, पुलिस थाना सिद्धमुख तथा पुलिस थाना क्षेत्र हमीरवास में उद्भूत होने वाले वे आपराधिक प्रकरण जो ग्राम न्यायालय अधिनियम के तहत ग्राम न्यायालय की सुनवाई की क्षेत्राधिकारिता में आते हो। |
| | **:– तारानगर मुख्यालय –:** | | |
| 1 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, तारानगर | 1 | पुलिस थाना तारानगर, पुलिस थाना साहवा |
| | | 2 | पुलिस थाना भालेरी के अन्तर्गत आने वाले गॉव (भालेरी, बुचावास, मदावास, लखणवास, तोगावास, गलगटी, कोहिणा) के आपराधिक प्रकरण |
| | | 3 | पुलिस थाना तारानगर तथा पुलिस थाना साहवा एवम् पुलिस थाना भालेरी के अन्तर्गत आने वाले गॉव (भालेरी, बुचावास, मदावास, लखणवास, तोगावास, गलगटी, कोहिणा) में उद्भूत होने वाले सम्बन्धित आबकारी वृत व आबकारी थाना के समस्त प्रकरण (एजेएम, चूरू व जेएम तारानगर के सुनवाई की क्षेत्राधिकारिता वाले प्रकरणों को छोड़कर) |
| | **:– सरदारशहर मुख्यालय :–** | | |
| 1 | अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सरदारशहर | 1 | पुलिस थाना सरदारशहर में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण |
| | | 2 | आबकारी थाना, रतनगढ़ व आबकारी वृत, रतनगढ़ के सरदारशहर व भानीपुरा पुलिस थाना क्षेत्रों में उद्भूत होने वाले समस्त आबकारी प्रकरण |
| 2 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, सरदारशहर | 1 | पुलिस थाना भानीपुरा व पुलिस थाना भालेरी के अन्तर्गत सरदारशहर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण (एजेएम, चूरू व जेएम तारानगर की क्षेत्राधिकारिता के प्रकरणों को छोड़कर) |
| | **:– रतनगढ़ मुख्यालय –:** | | |
| 1 | अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रतनगढ़ | 1 | पुलिस थाना रतनगढ़, राजलदेसर में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण |
| | | 2 | आबकारी थाना, रतनगढ़ व आबकारी वृत, रतनगढ़ में उद्भूत होने वाले रतनगढ़ तहसील क्षेत्र के समस्त प्रकरण |
| | | 3 | परिवहन अधिकारी, सुजानगढ़ के क्षेत्राधिकार के रतनगढ़ तहसील क्षेत्र में उद्भूत होने वाले प्रकरण |
| | **:– सुजानगढ़ मुख्यालय –:** | | |
| 1 | अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुजानगढ़ | 1 | पुलिस थाना सुजानगढ़, पुलिस थाना सालासर में उद्भूत होने वाले समस्त आपराधिक प्रकरण |
| | | 2 | आबकारी थाना, सुजानगढ़ व आबकारी वृत, सुजानगढ़ में उद्भूत होने वाले समस्त आबकारी मामले |
| 2 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुजानगढ़ | 1 | पुलिस थाना छापर, पुलिस थाना सदर (सुजानगढ़) तथा डी.टी.ओ. सुजानगढ़ के रतनगढ़ तहसील क्षेत्र के मामलों को छोड़कर समस्त आपराधिक प्रकरण |
| 3 | न्यायिक मजिस्ट्रेट, बीदासर | 1 | पुलिस थाना, बीदासर तथा पुलिस थाना साण्डवा |

उक्त आदेश आज दिनांक 01.12.2021 से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा।

नोटः– जहॉं पर क्षेत्राधिकार के सम्बन्ध में अतिलंघता की स्थिति है, वहां वरिष्ठतम श्रेणी के न्यायालय को सुनवाई का क्षेत्राधिकार होगा और जहां दो न्यायालयों के बीच में क्षेत्राधिकार बाबत संदिग्धता है, वहॉं भी सुनवाई का क्षेत्राधिकार वरिष्ठम न्यायालय को होगा। इसके उपरान्त भी क्षेत्राधिकार के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर, प्रकरणों की सुनवाई का क्षेत्राधिकार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू को होगा।

(अनिता टेलर)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू

क्रमांकः— 2000 दिनांकः— 23.11.2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु—

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल महोदय, जोधपुर को, सादर मार्फत श्रीमान् जिला एवम् सत्र न्यायाधीश महोदय, चूरू
2. श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, चूरू को सादर प्रेषित है।
3. जिला कलेक्टर, चूरू
4. जिला, पुलिस अधीक्षक, चूरू
5. अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुजानगढ़/सरदारशहर/रतनगढ़/राजगढ़
6. न्यायिक मजिस्ट्रेट, चूरू/अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट,चूरू/तारानगर/ सरदारशहर/ राजगढ़/सुजानगढ़/बीदासर/न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, राजगढ़
7. जिला आबकारी अधिकारी, चूरू
8. जिला परिवहन अधिकारी, चूरू/सुजानगढ़
9. कोर्ट मैनेजर, जिला न्यायालय, चूरू को न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु
10. रक्षित पत्रावली
11. कार्यालय प्रति।

(अनिता टेलर)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
चूरू
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
चूरू